राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

111, सहेली मार्ग, उदयपुर (राज.) 313001

(पाठ्यचर्या, पाठ्यपुस्तक, सामग्री निर्माण एवं मूल्यांकन प्रभाग)

(असेसमेन्ट सेल)

Email- director.rscert@rajasthan.gov.in **phone no.- 0294-2415202**

assessmentcellrscert@gmail.com

क्रमांक–राराशैअप्रप–उदय / प्र–01 / असेस.सेल / फा.7001E / 2026–27 / 110 दिनांक– यथा हस्ताक्षर

निदेशक
माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा,
निदेशालय बीकानेर।

विषयः राज्य के आकांक्षी जिलों में PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2027 की तैयारी के क्रम में मासिक दक्षता आधारित आकलन/परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

संदर्भः PARAKH, NCERT का पत्र क्रमांक F. No. 31-6/NAC/PARAKH/2026-27/221 दिनांक 20.08.2026 एवं पूर्व पत्र क्रमांक –राराशैअप्रप–उदय / प्र–01 / असेस.सेल / फा.7033 A / 2026–27 / 79 दिनांक 31.08.2026

महोदय,

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 में न्यून उपलब्धि वाली दक्षताओं में 5 प्रतिशत उन्नयन हेतु राज्य के पांच आकांक्षी जिलों धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां में विद्यालय स्तर पर व्यापक प्रयास किए जाने हैं। इसी क्रम में आगामी PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2027 को दृष्टिगत रखते हुए एक वर्षीय कार्य-योजना तैयार की गई है, जो संलग्न है।

उक्त कार्य-योजना के अंतर्गत वर्तमान में कक्षा 2, 5 एवं 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को माहवार दक्षता कैलेंडर में निर्धारित दक्षताओं पर नियमित एवं व्यापक अभ्यास कराया जाना है तथा प्रत्येक माह के अंत में संबंधित दक्षता पर विद्यार्थियों का आकलन/परीक्षा आयोजित की जानी है। संबंधित दक्षताओं के कक्षावार प्रश्न-पत्र RSCERT द्वारा तैयार कर शाला दर्पण के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएंगे।

सितम्बर माह के अंत में निम्न निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा आयोजित की जानी है—

माह	**शाला दर्पण पर आकलन पत्रक अपलोड दिनांक**	**आकलन दिनांक**
सितम्बर, 2026	28 सितम्बर, 2026	30 सितम्बर, 2026
नवम्बर, 2026	27 नवम्बर, 2026	30 नवम्बर, 2026
दिसंबर, 2026	28 दिसंबर, 2026	30 दिसंबर, 2026
जनवरी, 2027	27 जनवरी, 2027	29 जनवरी, 2027
फरवरी, 2027	25 फरवरी, 2027	27 फरवरी, 2027

परीक्षा के उपरांत विद्यार्थियों के समेकित परीक्षा परिणाम की विद्यालयवार प्रविष्टि PARAKH, NCERT द्वारा उपलब्ध करवाए गए Google Link - https://forms.gle/X4gUpL7PdgXVzJUR6 पर संबंधित विद्यालय द्वारा की जाएगी। प्राप्त परीक्षा परिणामों के आधार पर PARAKH, NCERT एवं RSCERT स्तर पर डाटा की समीक्षा करते हुए आवश्यक जिलावार रणनीति एवं आगामी कार्ययोजना निर्धारित की जाएगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें, ताकि निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित विद्यालयों में परीक्षा का सुचारू रूप से आयोजन सुनिश्चित हो सके तथा परीक्षा परिणामों की समयबद्ध ऑनलाइन प्रविष्टि भी करवाई जा सके। साथ ही, कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु इन जिलों के जिला प्रभारी तथा संबलनकर्ताओं को भी विद्यालय संबलन के दौरान निर्धारित दक्षताओं पर विद्यार्थियों के अधिकाधिक अभ्यास को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएं।

संलग्नः

1. माहवार दक्षता कैलेंडर एवं एक वर्षीय कार्य-योजना।
2. RSCERT पूर्व पत्र क्रमांक राराशैअप्रप–उदय / प्र–01 / असेस.सेल / फा.7033 A / 2026–27 / 79 दिनांक 31.08.2026
3. PARAKH, NCERT का पत्र क्रमांक F. No. 31-6/NAC/PARAKH/2026-27/221 दिनांक 20.08.2026

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Shweta Fageria
Designation: Director
Date: 2026.09.23 13:53:07 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 24656258
M e-Sign

Scanned with OKEN Scanner

क्रमांक–राराशैअप्रप–उदय / प्र–01 / असेस.सेल / फा.7001E / 2026–27 / 110 दिनांक– यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि सूचनार्थ–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग, शासन सचिवालय राजस्थान, जयपुर।
2. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर।
3. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref No.: 24656258

M e-Sign

Signature valid

Digitally signed by Shweta Fageria
Designation : Director
Date: 2026.09.23 13:53:07 IST
Reason: Approved

Scanned with OKEN Scanner

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

111, सहेली मार्ग, उदयपुर (राज.) 313001
(पाठ्यचर्या, पाठ्यपुस्तक, सामग्री निर्माण एवं मूल्यांकन प्रभाग)
(असेसमेन्ट सेल)
Email- director.rscert@rajasthan.gov.in **phone no.- 0294-2415202**
assessmentcellrscert@gmail.com

क्रमांक–राराशैअप्रप–उदय / प्र–01 / असेस.सेल / फा.7033 A / 2026–27 / 79 दिनांक– यथा हस्ताक्षर

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां

विषय : आकांक्षी जिले धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण -2024 में न्यून उपलब्धि वाली दक्षताओं में 5% उन्नयन हेतु कार्यक्रम।

प्रसंग : PARAKH NCERT F.No. 31-6/NAC/PARAKH/2026-27/221 दिनांक: 20 अगस्त, 2026 एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर पत्रांक : क्रमांक रा.स्कू. शि.प. / जय / गुणवत्ता / 2026–27 / 04105 / 23905093 दिनांक–10.08.2026

उपर्युक्त संदर्भ एवं विषय में राज्य के पांच आकांक्षी जिले धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 में न्यून उपलब्धि वाली दक्षताओं में 5% उन्नयन हेतु विद्यालय स्तर पर व्यापक प्रयास किया जाना है। इसी क्रम में आगामी **परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण - 2027** को दृष्टिगत रखते हुए एक वर्ष की कार्य-योजना तैयार की गई है। (संलग्न) इस योजना अंतर्गत वर्तमान में कक्षा 2, 5 एवं 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को माहवार दक्षता कैलेंडर में उल्लेखित दक्षता पर व्यापक अभ्यास करवाया जाना है तथा माह के अंत में विद्यार्थियों की संबंधित दक्षता पर परीक्षा ली जानी है। इस हेतु संबंधित दक्षता पर कक्षावार प्रश्न पत्र RSCERT द्वारा तैयार का संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी/शाला दर्पण के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रत्येक माह के अंत में निर्देशित दिनांक पर परीक्षा का आयोजन कर विद्यार्थियों की उपलब्धि के समेकित परीक्षा परिणाम को परख, एनसीईआरटी द्वारा प्रदत्त गूगल लिंक पर संबंधित विद्यालय द्वारा एंट्री की जाएगी। उक्त परीक्षा परिणाम डाटा की परख, एनसीईआरटी तथा RSCERT स्तर पर समीक्षा कर आवश्यक जिलावार व्यूह-रचना तय की जाएगी।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम हेतु जिला स्तर पर एक समन्वयक नियुक्त कर कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग करवाई जाए तथा विद्यालय संबलन के दौरान भी निर्धारित दक्षता पर अधिक से अधिक अभ्यास पर जोर दिया जाए। स्टेट असेसमेंट पोर्टल पर उपलब्ध प्रश्न एवं पोर्टल के पब्लिकेशन मेन्यू (https://rscertudai.rajasthan.gov.in/Public/PublicationsNew.aspx) में उपलब्ध परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण- 2024 के मॉडल पेपर, प्रश्न बैंक, National Achievement Survey-2021 प्रश्न बैंक आदि द्वारा विद्यार्थियों को गहन अभ्यास कराए। इसके साथ ही विद्यार्थियों को OMR sheet भरने का व्यापक अभ्यास देवे।

संलग्न : 1. माहवार दक्षता कैलेंडर

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

क्रमांक–राराशैअप्रप–उदय / प्र–01 / असेस.सेल / फा.7033 A / 2026–27 / 79 दिनांक– यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि सूचनार्थ–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग, शासन सचिवालय राजस्थान, जयपुर।
2. राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर।
3. निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
4. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर।
5. प्रधानाचार्य डाइट, धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां .....।
6. प्रभारी अधिकारी, शाला दर्पण, जयपुर ।
7. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Shweta Fageria
Designation : Director
Date: 2026.08.31 16:45:53 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 24294828
M e-Sign

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF
EDUCATION
सत्यमेव जयते

PARAKH
Performance Assessment, Review, and Analysis of Knowledge for Holistic Development

विद्ययाऽमृतमश्नुते
एन सी ई आर टी
NCERT

F. No. 31-6/NAC/PARAKH/2026-27 /221

NATIONAL ASSESSMENT CENTRE
PARAKH

Prof. Indrani Bhaduri
CEO, PARAKH & Head, ESD

E-mail id. nationalassessmenteenter.parakh@gmail.com
Dated: 20th August, 2026

To,
The Additional Chief Secretary
Department of School Education
Govt. of Rajasthan

Subject: Support for Strengthening Low-Performing Competencies and Assessment Practices in Aspirational Districts of Rajasthan.

Namaskar,

PARAKH, the National Assessment Centre and a constituent unit of NCERT established under the National Education Policy (NEP) 2020, is undertaking initiatives towards strengthening competency-based assessment.

PARAKH conducted a one-day workshop on **6 August 2026** with the District Education Officer/representative of the District Education office of the Aspirational Districts of Rajasthan along with officials from SCERT, and Samagra Shiksha, to deliberate on the findings of the PARAKH Rashtriya Sarvekshan (PRS) and to develop a monthly focused action plan for improving student competencies.

The workshop was attended by representatives from **Dholpur, Karauli, Jaisalmer, Sirohi** and **Baran** districts. The following actions were discussed and agreed upon:

- Based on the PRS proficiency-level findings, a minimum 5% increase in competency achievement at all stages is targeted in PARAKH Rashtriya Sarvekshan 2027.
- In line with NEP 2020 and NCF, all assessments, whether formative or summative, may adopt competency-based assessment practices. Of the four Unit Tests, two may be conducted through OMR-based competency assessments to familiarise students with competency-based and OMR-based examinations.
- From August 2026 to January 2027, SCERT, Samagra Shiksha, DIETs, District Education Administration and PARAKH will work together to strengthen identified low-performing competencies.
- Districts will conduct phased implementation in schools to identify priority competencies based on PARAKH Rashtriya Sarvekshan 2024 (https://dashboard.parakh.ncert.gov.in/en) findings.
- The identified competencies will be mapped with the ongoing State syllabus and addressed through regular classroom learning-teaching and assessment practices.

The proposed interventions will be implemented through the existing syllabus and learning-teaching process, without requiring additional instructional hours or creating additional academic or administrative burden on teachers, students or the State education machinery.

PARAKH requests the continued support and guidance of the Department of School Education, Government of Rajasthan in facilitating effective implementation of the initiative. The SPD Office, SCERT, District Education Officers/representative of the district education office and DIETs are envisaged as key stakeholders in the implementation, and it is requested that, at the district level, the District Magistrates may also be involved to facilitate convergence, coordination and periodic review of the initiative.

PARAKH remains committed to providing the necessary academic and technical support to the State throughout the implementation period.

With regards.

(Indrani Bhaduri)

Scanned with OKEN Scanner

फा.सं.31-6/रा.मू.के./परख/2026-27/221

राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र
परख

प्रोफेसर इन्द्राणी भादुरी
सी.ई.ओ., परख एवं अध्यक्षा, शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग

ई-मेल.: nationalassessmentcenter.parakh@gmail.com
दिनांक: 20 अगस्त, 2026

सेवा में,
अपर मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग
राजस्थान सरकार

विषय: राजस्थान के आकांक्षी जिलों में निम्न प्रदर्शन करने वाली दक्षताओं एवं मूल्यांकन पद्धतियों को सुदृढ़ करने हेतु सहयोग के संबंध में।

नमस्कार,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अंतर्गत स्थापित एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) की एक घटक निकाय, राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र परख (PARAKH), दक्षता-आधारित मूल्यांकन को सुदृढ़ करने की दिशा में विभिन्न पहल कर रहा है।

परख द्वारा दिनांक **6 अगस्त, 2026** को राजस्थान के आकांक्षी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों/जिला शिक्षा कार्यालय के प्रतिनिधियों तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT) और समग्र शिक्षा के अधिकारियों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण (PRS) 2024 के निष्कर्षों पर विचार-विमर्श किया गया तथा विद्यार्थियों की दक्षताओं में सुधार हेतु मासिक केंद्रित कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में **धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही** एवं **बारां,** जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान निम्नलिखित कार्यबिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सहमति बनी:

- परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में दक्षता-स्तर से संबंधित निष्कर्षों के आधार पर, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2027 में सभी चरणों में दक्षता-प्राप्ति में न्यूनतम 5 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- एनईपी 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) के अनुरूप, सभी मूल्यांकनों, चाहे वे रचनात्मक/निर्माणात्मक (Formative) हों अथवा संकलनात्मक (Summative), में दक्षता-आधारित आकलन पद्धतियों को अपनाया जा सकता है। चार इकाई परीक्षाओं में से दो परीक्षाएँ ओएमआर-आधारित दक्षता मूल्यांकन के माध्यम से आयोजित की जा सकती हैं, ताकि विद्यार्थियों को दक्षता-आधारित तथा ओएमआर-आधारित परीक्षाओं से परिचित कराया जा सके।
- अगस्त 2026 से जनवरी 2027 की अवधि के दौरान एससीईआरटी (SCERT), समग्र शिक्षा, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET), जिला शिक्षा प्रशासन तथा परख द्वारा संयुक्त रूप से चिन्हित निम्न प्रदर्शन करने वाली दक्षताओं को सुदृढ़ करने हेतु कार्य किया जाएगा।
- जिलों द्वारा चरणबद्ध रूप से विद्यालयों में कार्यान्वयन किया जाएगा तथा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के निष्कर्षों के आधार पर प्राथमिकता वाली दक्षताओं की पहचान की जाएगी। निष्कर्षों के लिए परख डैशबोर्ड का उपयोग किया जा सकता है: परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण डैशबोर्ड
- चिन्हित दक्षताओं का वर्तमान राज्य पाठ्यक्रम के साथ मानचित्रण किया जाएगा तथा नियमित कक्षा-अधिगम, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया एवं आकलन गतिविधियों के माध्यम से इन दक्षताओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

प्रस्तावित सुधारात्मक कदम को वर्तमान पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के अंतर्गत ही लागू किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त शिक्षण अवधि की आवश्यकता नहीं होगी और न ही शिक्षकों, विद्यार्थियों अथवा राज्य की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर कोई अतिरिक्त शैक्षणिक या प्रशासनिक भार डाला जाएगा।

परख इस पहल के प्रभावी कार्यान्वयन को सुगम बनाने हेतु राजस्थान सरकार के विद्यालय शिक्षा विभाग से निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। कार्यान्वयन में राज्य परियोजना निदेशक (SPD) कार्यालय, एससीईआरटी (SCERT), जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा कार्यालय के प्रतिनिधि तथा डीआईईटी (DIET) प्रमुख हितधारक होंगे। साथ ही, जिला स्तर पर जिलाधिकारी (District Magistrates) को भी इस पहल से संबद्ध करने का अनुरोध किया जाता है, ताकि अभिसरण, समन्वय तथा समय-समय पर समीक्षा की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जा सके।

परख कार्यान्वयन की पूरी अवधि के दौरान राज्य को आवश्यक शैक्षणिक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

धन्यवाद,

इन्द्राणी

(इन्द्राणी भादुरी)

Scanned with OKEN Scanner

मासिक दक्षता कैलेंडर

सितम्बर 2026 से सितम्बर 2027
आधारभूत चरण (Foundational Stage) | हिंदी माध्यम

कार्यक्रम का उद्देश्य: PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में जिन दक्षताओं में विद्यार्थियों की उपलब्धि कम रही है, उनमें 5% सुधार करना। आकांक्षी जिले: धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां।

माह	कक्षा	गणित	भाषा (हिंदी)
सितम्बर 2026	2	**C-8.1** वस्तुओं को एक से अधिक विशेषताओं के आधार पर समूहों एवं उप-समूहों में वर्गीकृत करता है। **C-8.2** अपने आसपास के परिवेश, आकृतियों एवं संख्याओं में सरल प्रतिरूपों को पहचानता एवं आगे बढ़ाता है।	**C-10.5** छोटी कहानियों को स्वयं पढ़ता है तथा पात्रों, कथानक एवं लेखक के दृष्टिकोण/उद्देश्य की पहचान करता है।
नवम्बर 2026	2	**C-8.4** 99 तक की संख्याओं को आरोही एवं अवरोही क्रम में व्यवस्थित करता है। **C-8.5** स्थानीय मान की समझ के साथ 99 तक की संख्याओं को पढ़ता एवं लिखता है।	**C-10.7** छोटी समाचार सामग्री, निर्देश, व्यंजन-विधि एवं प्रचार-सामग्री को पढ़ता एवं समझता है।
दिसम्बर 2026	2	**C-8.6** दो अंकों की संख्याओं का जोड़ एवं घटाव दक्षता के साथ करता है तथा शब्द-आधारित समस्याओं को हल करता है।	**C-9.7** दैनिक जीवन की बातचीत के लिए पर्याप्त शब्दावली का प्रयोग करता है तथा नए शब्दों के अर्थ का अनुमान लगाता है।
जनवरी 2027	2	**C-8.7** गुणा को बार-बार जोड़ने की प्रक्रिया तथा भाग को समान रूप से बाँटने की प्रक्रिया के रूप में समझता है।	**C-10.5** छोटी कहानियों को स्वयं पढ़ता है तथा पात्रों, कथानक एवं लेखक के दृष्टिकोण/उद्देश्य की पहचान करता है।
फरवरी 2027	2	**C-8.8** आधारभूत आकृतियों को पहचानता, बनाता एवं वर्गीकृत करता है तथा स्थान में वस्तुओं की स्थिति का वर्णन करता है। **C-8.12** मात्रा, आकृति, स्थान एवं मापन के लिए उपयुक्त शब्दावली का प्रयोग करता है। **C-8.13** मात्रा, आकृति, स्थान एवं मापन से संबंधित सरल समस्याएँ बनाता एवं हल करता है।	**C-10.7** छोटी समाचार सामग्री, निर्देश, व्यंजन-विधि एवं प्रचार-सामग्री को पढ़ता एवं समझता है।
अप्रैल 2027	3	**C-8.9** लंबाई, भार एवं आयतन मापने के लिए उपयुक्त उपकरण एवं इकाई का चयन करता है। **C-8.12** मात्रा, आकृति, स्थान एवं मापन के लिए उपयुक्त शब्दावली का प्रयोग करता है। **C-8.13** मात्रा, आकृति, स्थान एवं मापन से संबंधित सरल समस्याएँ बनाता एवं हल करता है।	**C-9.7** दैनिक जीवन की बातचीत के लिए पर्याप्त शब्दावली का प्रयोग करता है तथा नए शब्दों के अर्थ का अनुमान लगाता है।
जुलाई 2027	3	**C-8.10** मिनट, घंटे, दिन, सप्ताह एवं महीनों में समय का मापन करता है। **C-8.12** मात्रा, आकृति, स्थान एवं मापन के लिए उपयुक्त शब्दावली का प्रयोग करता है। **C-8.13** मात्रा, आकृति, स्थान एवं मापन से संबंधित सरल समस्याएँ बनाता एवं हल करता है।	**C-10.5** छोटी कहानियों को स्वयं पढ़ता है तथा पात्रों, कथानक एवं लेखक के दृष्टिकोण/उद्देश्य की पहचान करता है।
अगस्त 2027	3	**C-8.11** ₹100 तक के सरल मौद्रिक लेन-देन करता है।	**C-10.7** छोटी समाचार सामग्री, निर्देश, व्यंजन-विधि एवं प्रचार-सामग्री को पढ़ता एवं समझता है।
सितम्बर 2027	3	**कम उपलब्धि वाली दक्षताओं का पुनरावर्तन**	**कम उपलब्धि वाली दक्षताओं का पुनरावर्तन**

विद्यालयों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक माह निर्धारित दक्षताओं का पूरे माह अभ्यास करवाया जाए तथा माह के अंत में अधिसूचित तिथि पर परीक्षा आयोजित की जाए।
2. कक्षा-वार प्रश्नपत्र RSCERT द्वारा तैयार किए जाएंगे तथा जिला शिक्षा अधिकारी/शाला दर्पण के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएंगे।
3. परीक्षा के पश्चात विद्यालय द्वारा PARAKH, NCERT द्वारा उपलब्ध करवाए गए Google लिंक पर समेकित परिणाम दर्ज किया जाए।
4. अभ्यास के लिए राज्य आकलन पोर्टल के Publications अनुभाग में उपलब्ध PRS 2024 मॉडल प्रश्नपत्र, प्रश्न बैंक तथा NAS 2021 प्रश्न बैंक का उपयोग किया जाए।
5. विद्यार्थियों को OMR शीट भरने का पर्याप्त एवं व्यवस्थित अभ्यास करवाया जाए।

इस कैलेंडर में अक्टूबर 2026, मार्च 2027 तथा मई एवं जून 2027 में कोई मासिक परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है।

पोर्टल: rscertudai.rajasthan.gov.in/Public/PublicationsNew.aspx

Scanned with OKEN Scanner

मासिक दक्षता कैलेंडर

सितम्बर 2026 से सितम्बर 2027
तैयारी चरण (Preparatory Stage) | हिंदी माध्यम

कार्यक्रम का उद्देश्य: PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में जिन दक्षताओं में विद्यार्थियों की उपलब्धि कम रही है, उनमें 5% सुधार करना। आकांक्षी जिले: धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां।

माह	कक्षा	गणित	भाषा (हिंदी)	पर्यावरण अध्ययन (हमारा परिवेश)
सितम्बर 2026	5	**C-1.1** भारतीय स्थानीय मान पद्धति का प्रयोग करते हुए बड़ी पूर्ण संख्याओं को पढ़ता, लिखता एवं उनकी तुलना करता है। **C-1.2** सामान्य भिन्नों (1/2, 1/4) को संख्या रेखा पर तथा भाग के रूप में दर्शाता और उनकी तुलना करता है।	**C-2.2** पढ़ी गई सामग्री के मुख्य विचार को समझता है तथा उससे निष्कर्ष निकालता है।	**C-1.1** अपने निकटवर्ती परिवेश में प्राकृतिक एवं सामाजिक घटकों का अवलोकन करता है। **C-4.1** आसपास के पौधों, पक्षियों एवं जंतुओं में विविधता का वर्णन करता है।
नवम्बर 2026	5	**C-1.3** दैनिक जीवन की समस्याओं में चारों संक्रियाओं का प्रयोग करता है तथा 10×10 तक के पहाड़े जानता है। **C-1.4** संख्या प्रतिरूपों—विषम, सम, वर्ग, घन एवं घात—को पहचानता एवं आगे बढ़ाता है।	**C-2.2** पढ़ी गई सामग्री के मुख्य विचार को समझता है तथा उससे निष्कर्ष निकालता है।	**C-4.7** ऐसे आधारभूत सामाजिक मानदंडों एवं मूल्यों को समझता है जो समाज एवं प्रकृति के लिए सहायक हैं। **C-2.2** प्राकृतिक परिवेश को स्थानीय सांस्कृतिक प्रथाओं—कार्य, भोजन एवं त्योहारों—से जोड़ता है।
दिसम्बर 2026	5	**C-2.2** स्थान एवं गति का वर्णन करता है तथा नक्शा/स्केच मैप (नज़री नक्शा) को समझता है।	**C-2.1** विभिन्न पाठों को समझने के लिए अनुमान, पूर्वानुमान एवं दृश्य-कल्पना का प्रयोग करता है।	**C-2.1** जीवन को सहारा देने वाली प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित प्रणालियों की पहचान करता है। **C-1.3** प्रश्न पूछता है तथा सरल प्रतिरूपों—ऋतुओं, चंद्रमा की कलाओं एवं जीवन-चक्रों—के बारे में पूर्वानुमान करता है।
जनवरी 2027	5	**C-3.3** एक ही मापन प्रणाली की इकाइयों को एक-दूसरे में परिवर्तित करता है, जैसे सेंटीमीटर को मीटर में।	**C-2.1** विभिन्न पाठों को समझने के लिए अनुमान, पूर्वानुमान एवं दृश्य-कल्पना का प्रयोग करता है।	**C-3.1** मनुष्यों, पक्षियों एवं जंतुओं की आधारभूत सुरक्षा एवं संरक्षण संबंधी आवश्यकताओं का वर्णन करता है।
फरवरी 2027	5	**C-3.5** दूरी, लंबाई, समय, परिमाप, क्षेत्रफल, भार एवं आयतन का अनुमान लगाता है तथा मानक इकाइयों द्वारा उसकी जाँच करता है।	**C-2.2** पढ़ी गई सामग्री के मुख्य विचार को समझता है तथा उससे निष्कर्ष निकालता है।	**C-3.2** आपातकालीन परिस्थितियों—आग, धुआँ, चोट एवं बेमौसम वर्षा—के लिए तैयारी करने के तरीकों पर चर्चा करता है।
अप्रैल 2027	6	**C-2.4** द्विविमीय (2D) एवं त्रिविमीय (3D) आकृतियों में प्रतिरूपों को पहचानता एवं आगे बढ़ाता है।	**C-2.2** पढ़ी गई सामग्री के मुख्य विचार को समझता है तथा उससे निष्कर्ष निकालता है।	**C-4.3** अपने आसपास के प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग का वर्णन करता है।
जुलाई 2027	6	**C-4.1** पूर्ण संख्याओं पर आधारित पहेलियों एवं दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करता है, जिसमें मैजिक स्क्वायर भी शामिल हैं।	**C-2.1** विभिन्न पाठों को समझने के लिए अनुमान, पूर्वानुमान एवं दृश्य-कल्पना का प्रयोग करता है।	**C-5.3** प्रतीकों एवं दिशाओं का प्रयोग करते हुए शहर, राज्य एवं देश के सरल मानचित्रों को पढ़ता है।
अगस्त 2027	6	**C-4.3** गणना के लिए उपयुक्त विधि का चयन करता है—मानसिक गणना, अनुमान अथवा कागज़-पेंसिल द्वारा गणना।	**C-2.1** विभिन्न पाठों को समझने के लिए अनुमान, पूर्वानुमान एवं दृश्य-कल्पना का प्रयोग करता है।	**C-1.4** परिवार, विद्यालय, पंचायत, बैंक, डाकघर एवं बाज़ार के कार्य-तंत्र को समझाता है।
सितम्बर 2027	6	**कम उपलब्धि वाली दक्षताओं का पुनरावर्तन**	**कम उपलब्धि वाली दक्षताओं का पुनरावर्तन**	**कम उपलब्धि वाली दक्षताओं का पुनरावर्तन**

विद्यालयों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक माह निर्धारित दक्षताओं का पूरे माह अभ्यास करवाया जाए तथा माह के अंत में अधिसूचित तिथि पर परीक्षा आयोजित की जाए।
2. कक्षा-वार प्रश्नपत्र RSCERT द्वारा तैयार किए जाएंगे तथा जिला शिक्षा अधिकारी/शाला दर्पण के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएंगे।
3. परीक्षा के पश्चात विद्यालय द्वारा PARAKH, NCERT द्वारा उपलब्ध करवाए गए Google लिंक पर समेकित परिणाम दर्ज किया जाए।
4. अभ्यास के लिए राज्य आकलन पोर्टल के Publications अनुभाग में उपलब्ध PRS 2024 मॉडल प्रश्नपत्र, प्रश्न बैंक तथा NAS 2021 प्रश्न बैंक का उपयोग किया जाए।
5. विद्यार्थियों को OMR शीट भरने का पर्याप्त एवं व्यवस्थित अभ्यास करवाया जाए।

इस कैलेंडर में अक्टूबर 2026, मार्च 2027 तथा मई एवं जून 2027 में कोई मासिक परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है।

पोर्टल: rscertudai.rajasthan.gov.in/Public/PublicationsNew.aspx

Scanned with OKEN Scanner

मासिक दक्षता कैलेंडर

सितम्बर 2026 से सितम्बर 2027
मध्य चरण (Middle Stage) | हिंदी माध्यम

कार्यक्रम का उद्देश्य: PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में जिन दक्षताओं में विद्यार्थियों की उपलब्धि कम रही है, उनमें 5% सुधार करना। आकांक्षी जिले: धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां।

माह	कक्षा	गणित	भाषा (हिंदी)	सामाजिक विज्ञान	विज्ञान
सितम्बर 2026	8	**C-1.2** संख्याओं में प्रतिरूपों को पहचानता है और नियम निर्धारित करता है; जैसे 7 के गुणज, 3 की घातें एवं अभाज्य संख्याएँ। **C-6.1** आगमनात्मक एवं निगमनात्मक तर्क का प्रयोग करते हुए परिभाषाएँ, अनुमान/अभिकल्पनाएँ तथा प्रमाण निर्मित करता है।	**C-1.1** समाचार लेखों, रिपोर्टों एवं संपादकीयों के मुख्य बिंदुओं की पहचान करता है तथा उनका सार प्रस्तुत करता है।	**C-1.1 (इतिहास)** मानव जीवन को समझने के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों का उपयोग करता है। **C-2.1 (इतिहास)** अतीत में हुए प्रमुख परिवर्तनों तथा उनके समाज पर प्रभाव की व्याख्या करता है।	**C-3.1** अपने आसपास दिखाई देने वाले जीवों की विविधता का वर्णन करता है। **C-3.2** सजीव एवं निर्जीव वस्तुओं/घटकों में अंतर करता है। **C-7.3** दैनिक जीवन की घटनाओं और संबंधों को चित्र/आरेख तथा सरल गणितीय निरूपणों के माध्यम से प्रदर्शित करता है।
नवम्बर 2026	8	**C-1.4** संख्या रेखा पर पूर्ण संख्याओं, भिन्नों, पूर्णांकों, परिमेय एवं वास्तविक संख्याओं का अन्वेषण करता है।	**C-1.1** समाचार लेखों, रिपोर्टों एवं संपादकीयों के मुख्य बिंदुओं की पहचान करता है तथा उनका सार प्रस्तुत करता है।	**C-6.1 (भूगोल)** जलवायु, मौसम, महासागरीय चक्र, मृदा निर्माण एवं नदियों के प्रवाह की व्याख्या करता है। **C-6.2 (भूगोल)** जल, कृषि, कच्चे माल एवं सेवाओं के वितरण की पहचान करता है।	**C-1.1** पदार्थ को उसके देखे जा सकने वाले भौतिक एवं रासायनिक गुणों के आधार पर वर्गीकृत करता है। **C-7.3** दैनिक जीवन की घटनाओं और संबंधों को चित्र/आरेख तथा सरल गणितीय निरूपणों के माध्यम से प्रदर्शित करता है।
दिसम्बर 2026	8	**C-1.5** प्रतिशत की अवधारणा को समझता है तथा समस्याओं को हल करने में इसका प्रयोग करता है। **C-1.6** दैनिक जीवन में भिन्नों का अनुपात एवं दशमलव रूप में प्रयोग करता है।	**C-1.1** समाचार लेखों, रिपोर्टों एवं संपादकीयों के मुख्य बिंदुओं की पहचान करता है तथा उनका सार प्रस्तुत करता है।	**C-4.2 (राजनीति विज्ञान)** सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक संस्थाओं के प्रभाव का आकलन करता है। **C-8.2 (राजनीति विज्ञान)** संविधान के निर्माण की प्रक्रिया एवं उसके पीछे निहित आदर्शों की व्याख्या करता है।	**C-1.2** पदार्थ में होने वाले भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तनों का उसके कणीय स्वरूप के आधार पर वर्णन करता है।
जनवरी 2027	8	**C-2.2** किसी संख्या को चर अथवा बीजीय व्यंजक के रूप में निरूपित करता है। **C-2.3** चर, गुणांक एवं अचर का प्रयोग करते हुए बीजीय व्यंजक बनाता है।	**C-1.1** समाचार लेखों, रिपोर्टों एवं संपादकीयों के मुख्य बिंदुओं की पहचान करता है तथा उनका सार प्रस्तुत करता है।	**C-3.1 (इतिहास)** घुमंतू जीवन से स्थायी जीवन एवं प्रारंभिक सभ्यताओं की ओर हुए परिवर्तन का विश्लेषण करता है। **C-9.1 (इतिहास)** व्यापार में वस्तु, उत्पादन, उपभोग एवं पूँजी की अवधारणाओं की व्याख्या करता है।	**C-2.1** स्थिति, चाल एवं चाल में परिवर्तन के आधार पर एक-विमीय गति का वर्णन करता है।
फरवरी 2027	8	**C-2.5** बीजीय चिंतन का प्रयोग करते हुए पहेलियों एवं समस्याओं को हल करने के लिए स्वयं की विधियाँ विकसित करता है।	**C-1.1** समाचार लेखों, रिपोर्टों एवं संपादकीयों के मुख्य बिंदुओं की पहचान करता है तथा उनका सार प्रस्तुत करता है।	**C-6.3 (भूगोल)** संरक्षण, सततता एवं जलवायु परिवर्तन के संबंध में भारत के प्रयासों का विश्लेषण करता है। **C-7.2 (भूगोल)** पश्चिम के अर्द्ध-शुष्क क्षेत्र से उत्तर के हिमाच्छादित क्षेत्रों तक भारत की स्थलाकृतिक विविधता का अन्वेषण करता है।	**C-2.2** सरल विद्युत परिपथों में विद्युत के कार्य करने तथा उसके ऊष्मीय एवं चुंबकीय प्रभावों का वर्णन करता है। **C-2.3** प्राकृतिक एवं कृत्रिम चुंबकों के गुणों तथा पृथ्वी के चुंबक के रूप में कार्य करने का वर्णन करता है। **C-7.3** दैनिक जीवन की घटनाओं और संबंधों को चित्र/आरेख तथा सरल गणितीय निरूपणों के माध्यम से प्रदर्शित करता है।
अप्रैल 2027	9	**C-3.2** रेखाओं, कोणों, त्रिभुजों, चतुर्भुजों एवं बहुभुजों के गुणों का वर्णन करता है। **C-3.5** सर्वांगसमता एवं समरूपता को समझता है तथा ऐसे त्रिभुजों की पहचान करता है।	**C-1.1** समाचार लेखों, रिपोर्टों एवं संपादकीयों के मुख्य बिंदुओं की पहचान करता है तथा उनका सार प्रस्तुत करता है।	**C-7.1 (राजनीति विज्ञान)** भाषा, कला, मूल्यों, भोजन एवं परंपराओं के माध्यम से विविधता में एकता की व्याख्या करता है। **C-8.3 (राजनीति विज्ञान)** स्थानीय स्वशासन के तीन स्तरों की व्याख्या करता है तथा उनके महत्त्व को समझाता है।	**C-2.4** प्रदर्शित करता है कि प्रकाश सीधी रेखा में चलता है तथा परावर्तन के नियमों का सत्यापन करता है।
जुलाई 2027	9	**C-4.1** वर्ग, त्रिभुज, समांतर चतुर्भुज एवं समलंब चतुर्भुज तथा संयुक्त आकृतियों के क्षेत्रफल के सूत्रों का प्रयोग करता है।	**C-1.1** समाचार लेखों, रिपोर्टों एवं संपादकीयों के मुख्य बिंदुओं की पहचान करता है तथा उनका सार प्रस्तुत करता है।	**C-2.2 (इतिहास)** उन मान्यताओं एवं प्रथाओं को पहचानता है जो बड़े परिवर्तनों के बावजूद निरंतर बनी रही हैं।	**C-1.4** दाब, तापमान एवं घनत्व में अंतर के प्रभावों की व्याख्या करता है।
अगस्त 2027	9	**C-5.1** माध्य, बहुलक एवं माध्यिका का प्रयोग करते हुए आँकड़ों को एकत्रित, व्यवस्थित एवं व्याख्यायित करता है।	**C-1.1** समाचार लेखों, रिपोर्टों एवं संपादकीयों के मुख्य बिंदुओं की पहचान करता है तथा उनका सार प्रस्तुत करता है।	**C-1.2 (भूगोल)** आँकड़ों को पाठ, सारणी, चार्ट, आरेख एवं मानचित्र के रूप में प्रस्तुत एवं विश्लेषित करता है।	**C-4.3** किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं हार्मोनल परिवर्तनों तथा स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित उपायों का वर्णन करता है।
सितम्बर 2027	9	**कम उपलब्धि वाली दक्षताओं का पुनरावर्तन**	**कम उपलब्धि वाली दक्षताओं का पुनरावर्तन**	**C-6.4 (भूगोल)** आजीविका के प्रतिरूपों को स्थलरूपों, संसाधनों एवं जलवायु से जोड़ता है।	**C-4.1** भारतीय भोजन पकाने की परंपराओं एवं आधुनिक पोषण के संदर्भ में खाद्य घटकों का विश्लेषण करता है।

विद्यालयों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक माह निर्धारित दक्षताओं का पूरे माह अभ्यास करवाया जाए तथा माह के अंत में अधिसूचित तिथि पर परीक्षा आयोजित की जाए।
2. कक्षा-वार प्रश्नपत्र RSCERT द्वारा तैयार किए जाएंगे तथा जिला शिक्षा अधिकारी/शाला दर्पण के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएंगे।
3. परीक्षा के पश्चात विद्यालय द्वारा PARAKH, NCERT द्वारा उपलब्ध करवाए गए Google लिंक पर समेकित परिणाम दर्ज किया जाए।
4. अभ्यास के लिए राज्य आकलन पोर्टल के Publications अनुभाग में उपलब्ध PRS 2024 मॉडल प्रश्नपत्र, प्रश्न बैंक तथा NAS 2021 प्रश्न बैंक का उपयोग किया जाए।
5. विद्यार्थियों को OMR शीट भरने का पर्याप्त एवं व्यवस्थित अभ्यास करवाया जाए।

इस कैलेंडर में अक्टूबर 2026, मार्च 2027 तथा मई एवं जून 2027 में कोई मासिक परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है।

पोर्टल: rscertudai.rajasthan.gov.in/Public/PublicationsNew.aspx

Scanned with OKEN Scanner